Title: Need to take action against the culprits involved in the self- immolition of Shri Babu Ram Kori, a sitting Sarpanch of Paria Development Block in Reeva district of Madhya Pradesh.

श्री चन्द्रमणि त्रिपाठी (रीवा): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र रीवा के विकास खंड पड़िया के सरपंच श्री बाबूलाल कोरी ने दि.७.२.१९९९ को कलेक्टर रीवा को नोटिस दिया कि अगर उसके क्षेत्र के विकास कार्य जिसमें मेरे द्वारा प्रस्तावित कार्य भी हैं और निराश्रित पेंशन योजना का यदि निराकरण नहीं किया गया तो वह आत्मदाह कर लेगा।

उपाध्यक्ष महोदय, कलैक्टर ने मना किया और समझा-बुझाकर उसको कहा कि १५ दिन के अन्दर काम कर देंगे, लेकिन काम नहीं किया और २२.२.९९ को उस सरपंच ने आत्महत्या कर ली। उस सरपंच के पिता ने कलैक्टर को फिर लिखा कि यदि अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की, तो मैं भी आत्मदाह कर लूंगा, लेकिन महोदय कलैक्टर ने कार्रवाई करनी तो दूर रही सरपंच के पिता को ही गिरफ्तार कर लिया। मैं आपसे प्रार्थना करना चाहता हूं कि वहां पंचायतीराज की जो उपेक्षा हो रही है और चुने हुए जनप्रतिनिधियों को आत्मदाह करना पड़ रहा है, इस स्थिति को गंभीरता से लिया जाए। ग्राम पंचायत पडिया के सरपंच श्री बाबू लाल कोरी ने कलैक्टर की नादिरशाही के खिलाफ आत्मदाह किया क्योंकि सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि से जिस कार्य को करने के लिए मैंने धन दिया, उसको करना भी कलैक्टर ने मान्य नहीं किया। रीवा के कलैक्टर जनप्रततिनिधियों और स्वयं मेरे द्वारा उनको लिखे पत्रों के उत्तर भी नहीं देते। सरपंच को आत्महत्या करनी पड़ी। मैं चाहूंगा कि इस दिशा में कार्रवाई की जाए और अपराधियों को दंडित किया जाए।

... (व्यवधान)